# यूपी औद्योगिक निवेश के नए युग की ओर

## मुख्यमंत्री ने हरदोई के संडीला में बर्जर पेंट्स के प्लांट का किया वर्चुअली शुभारंभ, कहा- स्थानीय युवाओं को कौशल विकास से जोड़ें औद्योगिक इकाइयां

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को स्थानीय युवाओं को कौशल विकास से जोड़ना चाहिए। इसके लिए वे कौशल विकास सेंटर शुरू करें। इसमें सरकार मदद करेगी। उद्योगों को स्थानीय संस्थानों के साथ भी जुड़ना चाहिए। वे रविवार को अपने आवास से हरदोई के संडीला में बर्जर पेंट्स के नवनिर्मित प्लांट का वर्चुअली शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि होली पर एक हजार करोड़ की लागत से बने प्लांट का धरातल पर उतरना यूपी में नई औद्योगिक क्रांति का सूचक है। यूपी औद्योगिक निवेश के नए युग की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि बर्जर पेंट्स कंपनी अगर कौशल विकास का सेंटर बनाएगी तो औद्योगिक विकास विभाग मदद करेगा। सीएम ने कहा कि बर्जर पेंट्स ने इस नई इकाई को जिस समय आगे बढ़ाने का निर्णय लिया उस समय दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी। लेकिन जहां चुनौती होती है, वहीं अवसर के रास्ते भी होते हैं। औद्योगिक विकास विभाग ने उन्हीं चुनौतियों के बीच से एक अवसर संडीला में बनाने का प्रयास किया। कंपनी ने मात्र 30 माह में प्लांट को धरातल पर उतारा है जो आसान नहीं था। उन्होंने कहा कि करीब 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्रदेश को मिले हैं। यूपी के पास अब पिक एंड चूज नहीं, बल्कि सेक्टोरल पॉलिसी हैं। इसके परिणाम सबके सामने हैं।

संडीला प्लांट के शुभारंभ के मौके पर मौजूद सीएम योगी आदित्यनाथ व अन्य। -विज्ञप्ति

### निवेश पर सुरक्षा की गारंटी दे रही सरकार

योगी ने आश्वस्त किया कि सरकार प्रत्येक निवेशक को उनके निवेश पर सुरक्षा की गारंटी देगी। कहा, सरकार न सिर्फ सुरक्षित, बल्कि फलदायी निवेश के माध्यम से आपके बिजनेस को आगे बढ़ाने में भी योगदान देगी।

### हरदोई में 6520 करोड़ का निवेश

वैश्विक निवेशक सम्मेलन के जरिए हरदोई में 6520 करोड़ के निवेश के करार हुए हैं। इनमें से 23,211 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। खाद्य प्रसंस्करण में 1380 करोड़, विनिर्माण में 1142 करोड़, लकड़ी आधारित उद्योग में 932 करोड़, डिस्टलरी में 800 करोड़, बायोफ्यूल में 581 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। बीते छह वर्षों में हरदोई के संडीला औद्योगिक क्षेत्र में 4000 करोड़ से अधिक का निवेश हुआ है। इससे 8000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है।

## प्रदेश के युवा नहीं करेंगे पलायन : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अच्छी आधारभूत सुविधाएं और कानून-व्यवस्था की वजह से ही प्रदेश में निवेश बढ़ा है। इससे युवाओं के लिए नौकरी की संभावना बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप अब प्रदेश के युवा पलायन नहीं करेंगे।

### जी-20 की अध्यक्षता भारत के सामर्थ्य व शक्ति का प्रदर्शन

कॉल्विन तालुकेदार कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय लखनऊ कौशल महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार एक परिवार एक आई कार्ड शुरू करने जा रही है। परिवार की मैपिंग होगी। एक क्लिक में जाना जा सकेगा कि संबंधित परिवार ने शासन की कौन सी योजना और रोजगार हासिल किया है और किसे नहीं मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को नया विजन दिया। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के जरिए हर गांव को सड़क से जोड़ा गया। इससे किसान अपनी उपज बाजार तक पहुंचा पाए। इसी के चलते कोविड काल में कृषि ने अर्थव्यवस्था को संभाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम देश को विजन 2020 देने की बात करते थे। उस वक्त कठिन लग रहा था, लेकिन देश 2022 में अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा था। अब दुनिया के सर्वाधिक संसाधनों, व्यवसाय, जीडीपी और सर्वाधिक पेटेंट वाले जी-20 के देशों की अध्यक्षता भारत कर रहा है। यह भारत के सामर्थ्य और शक्ति का प्रदर्शन है। ब्यूरो